भारत 2023 INDIA

सत्यमेव जयते

अमित अग्रवाल भा.प्र.से.
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भा.वि.प.प्रा

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा भावों और विचारों की जननी और संवाहिका है। किसी भी देश के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं दार्शनिक पहलुओं को जानने और समझने का सशक्त माध्यम भाषा ही होती है। हिंदी भाषा भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और संस्कारों को एकसूत्र में पिरोने का कार्य करती है। हिंदी भाषा को विश्व की सरलतम और वैज्ञानिक भाषाओं में अग्रिम स्थान प्राप्त है। इसके बढ़ते वर्चस्व का आकलन इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली एवं प्रचलित भाषाओं में से एक है।

भारतवर्ष में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा को ध्यान में रखते हुए हमारी संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को, हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था। तभी से प्रत्येक 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हमारा देश लोक कल्याणकारी राष्ट्र की जिस संकल्पना को साकार करने के लिए प्रयासरत है उसमें हिंदी भाषा सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उनमें जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही है। सरकार और जनता के बीच अंतराल को कम करते हुए हिंदी न केवल लोकतंत्र को सुदृढ़ बना रही है अपितु लोगों में राष्ट्रीयता की भावना का भी विकास कर रही है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और हाल ही में भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें भारत की ओर से इस जी-20 शिखर सम्मेलन की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' रखी गई है, जो भारतीय संस्कृति की एक पहचान है। भारतीय संस्कृति और भाषाई समरसता को ध्यान में रखते हुए हिंदी तथा हमारी सभी भारतीय भाषाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, मुख्यालय और इसके नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। व्यावसायिकरण और डिजिटलीकरण के इस दौर में हिंदी का प्रयोग हर क्षेत्र में विविध रूप से बढ़ा है। प्राधिकरण द्वारा विकसित ऐप एम-आधार, चैटबोट, निवासी पोर्टल, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि में हिंदी का प्रयोग करने सहित ई-टूल्स के जरिए ईमेल और ई-आफिस पर भी हिंदी में सरकारी कामकाज किया जा रहा है।

हिंदी दिवस-2023 के शुभ अवसर पर मैं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे अपने दैनिक कार्यों में और सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी को प्राथमिकता दें और हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनायें।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2023

अमित अग्रवाल
मुख्य कार्यकारी अधिकारी